ग्रा



मंच
मारा
हीं,
सित
ल्यों,
एवं

# बीडीएम गर्ल्स महाविद्यालय में हुआ दीक्षा समारोह



**( माधव संदेश/संवाद अब्दुल सत्तार ) शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या के संरक्षण एवं आईक्यूएसी प्रभारी के संयोजन में नव प्रवेशी छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत की मनमोहक प्रस्तुत दि। नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत करते हुए आईक्यूएसी प्रभारी प्रो सीमारानी जैन ने महाविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों अनुशासन एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं,पुस्तकालय, वाईफाई, छात्रवृत्ति, एवं खेलकूद आदि

से अवगत कराया। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो.शशिप्रभा तोमर ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महाविद्यालय में संचालित विषयों की विभागाध्यक्ष शिक्षिकाओं ने विषय से सम्बन्धित विभागीय गतिविधियों पर विचार रखे।

Scanned with OKEN Scanner